सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-217
30/04/2018

मुख्यमंत्री ने बुद्ध स्मृति पार्क में भगवान बुद्ध की पूजा अर्चना की

पटना 30 अप्रैल 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज भगवान बुद्ध की 2562 वीं जयंती के अवसर पर बुद्ध स्मृति पार्क में आयोजित विशेष कार्यक्रम में भगवान बुद्ध की पूजा अर्चना की।

मुख्यमंत्री ने बुद्ध स्मृति पार्क में भगवान बुद्ध, बोधि वृक्ष एवं आनंद बोधि वृक्ष की पूजा अर्चना की। बौद्ध भिक्षु श्री बुद्धानंद भंते ने मुख्यमंत्री को पूजा अर्चना कराई।

मुख्यमंत्री ने बुद्ध स्मृति पार्क स्थित पाटलिपुत्र करुणा स्तूप में भगवान बुद्ध की पवित्र अस्थि के सामने भगवान बुद्ध की पूजा अर्चना की। उन्होंने बौद्ध भिक्षुओं के साथ बैठकर विश्व शांति के लिए मंगल कामना की तथा राज्य एवं देश की सुख, समृद्धि एवं अमन–चैन की कामना की।

मुख्यमंत्री को बौद्ध भिक्षुओं द्वारा बुद्ध स्मृति पार्क में प्रतिस्थापित बुद्ध की प्रतिमा तथा बोधगया का बोधि वृक्ष तथा श्रीलंका के अनुराधापूरम से लाये गए वृक्ष की पूजा–अर्चना करायी गई। इसके उपरांत उन्होंने बुद्ध शांति परिसर में ध्यान किया और परिक्रमा की।

इसके बाद मुख्यमंत्री ने 1, अण्णे मार्ग स्थित आवास पहुॅचकर बौद्ध शिला तथा बोधि वृक्ष की पूजा अर्चना की।

इस मौके पर लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री श्री विनोद नारायण झा, पटना नगर निगम की मेयर श्रीमती सीता साहू, प्रधान सचिव नगर विकास श्री चैतन्य प्रसाद, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अतीश चंद्रा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, पटना के जिलाधिकारी श्री कुमार रवि, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री मनु महाराज, बौद्ध भिक्षुगण सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

******